नईदुनिया

तापमान

भोपाल	9.0°	28.0°
इंदौर	11.0°	28.0°
जबलपुर	9.0°	28.0°
ग्वालियर	10.0°	29.0°
सागर	14.0°	28.0°

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 359, पृष्ठ 12)
अगहन, कृष्ण चतुर्थी संवत् 2083
शनिवार, 28 नवम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com

भोपाल संस्करण

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



राजधानी... जबलपुर से देवास होते हुए इंदौर-उज्जैन तक...



व्यापार... अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की राह आसान...



खेल... गेंद से छेड़छाड़ मामले की समीक्षा के लिए क्रिकेट...



देश-विदेश... रूस ने 35 साल का सबसे बड़ा रक्षा बजट बनाया...

खास-खबरें

दीपथून पर दीप नहीं जलाने से सुको नाराज

नईदुनिया ब्यूरो, मदुरैः तमिलनाडु के मदुरै स्थित पहाड़ी पर आदेश के बावजूद दीप नहीं जलाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई है। न्यायालय ने कहा कि अधिकारियों ने राजनीतिक आकाओं के आदेश का पालन किया। कोर्ट ने 28 नवंबर को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की सुरक्षा में दीप जलाने का निर्देश दिया है। साथ ही मंदिर के ट्रस्टियों को हटाने के आदेश भी दिए हैं। मदुरै में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कार्तिगई दीपम परंपरा के तहत पहाड़ी पर स्थित दीपथून स्तंभ पर दीप जलाया जाता है। विवाद तब शुरू हुआ जब हिंदू पक्ष दीप जलाना चाहता था, लेकिन राज्य सरकार ने अनुमति नहीं दी। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां दीप जलाने का आदेश दिया गया, लेकिन प्रशासन ने उसका पालन नहीं किया।

गुजरात में जैश से जुड़ा संदिग्ध गिरफ्तार

नईदुनिया ब्यूरो, वडोदराः गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते ने वडोदरा से जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े संदिग्ध मोहम्मद सहारुल इस्लाम को गिरफ्तार किया है। वह असम का रहने वाला है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी के मोबाइल से वायुसेना केंद्र से संबंधित तस्वीरें और वीडियो मिले हैं। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से हथियार, कारतूस, मोबाइल फोन, नकदी और संगठन से संबंधित सामग्री बरामद की गई। जांच में सामने आया कि वह असम से बस और रेल के माध्यम से गुजरात पहुंचा था। दस्ते के अनुसार, आरोपी की गतिविधियों पर पिछले छह महीने से नजर रखी जा रही थी।

तूफान से दस लाख घरों की बिजली गुल

वॉशिंगटन, एजेंसीः अमेरिका में तूफान के कारण तेज हवाओं और भारी बारिश से दस लाख से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। तूफान के चलते 2500 से अधिक उड़ानें विलंबित हुईं, जबकि 450 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि समुद्र का जलस्तर 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच सकता है। इससे न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और फिलाडेल्फिया सहित कई तटीय क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। पूर्वी तट की ओर बढ़ रहे इस तूफान को 'नॉरईस्टर' कहा जाता है, जो तेज हवाओं, भारी बारिश और समुद्र में ऊंची लहरों के लिए जाना जाता है।

सऊदी तेल शोधन केंद्र पर हूतियों का हमला

रियाद/सना, एजेंसीः यमन के हूती विद्रोहियों ने गुरुवार को सऊदी अरब के जाजान स्थित तेल शोधन केंद्र पर हमला किया। इसमें नेपाल के एक कर्मचारी की मौत हो गई और 11 लोग घायल हुए। इसके जवाब में सऊदी अरब के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने यमन में हूतियों के ठिकानों पर कार्रवाई की। हूती स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले 48 घंटे में हुए हमलों में 19 नागरिकों की मौत हुई और 25 घायल हुए। इससे पहले हूतियों ने सऊदी अरब के रास तनुरा तेल शोधन केंद्र पर भी हमले का दावा किया था। वहां आग लग गई थी।

लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाने व महिला आरक्षण के प्रस्ताव मोदी कैबिनेट में मंजूर

परिसीमन बिल पर फिर छिड़ेगी 'रार'

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः महिला आरक्षण व परिसीमन बिल को लेकर एक फिर राजनीतिक 'रार' शुरू हो गई है। एक ओर जहां सरकार इस बिल को सदन में पास कराने के लिए पर्याप्त सदस्य संख्या जुटाने की कवायद कर रही है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी दल इसके विरोध में एकजुट होने लगे हैं। लोकसभा की सीटों में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी करने के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव के अनुसार, लोकसभा की मौजूदा 543 सीटें बढ़ाकर 815 की जा सकती हैं। इस तरह सदन में 272 सीटें बढ़ेंगी। प्रस्तावित बढ़ोतरी के तहत नई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाने की संभावना है। सीटों की कुल संख्या अगले 25 वर्षों तक स्थिर रखने का प्रस्ताव भी शामिल है। सरकार 30 नवंबर से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र में इस विधेयक को पारित कराने की तैयारी कर रही है। लोकसभा में विधेयक 30 नवंबर और राज्यसभा में 2 दिसंबर को पेश किए जाने की योजना है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से विधेयक पर चर्चा में भाग लेने की अपील की है। वहीं, कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार विधेयक पारित कराने के लिए बहुमत जुटाने की कोशिश कर रही है।



अप्रैल में 54 मतों से गिरा था विधेयक

16 से 18 अप्रैल 2026 के विशेष सत्र में सरकार ने परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक पेश किए थे। मतदान में 298 सांसदों ने पक्ष में और 230 सांसदों ने विरोध में मत दिया था। कुल 528 सांसदों ने मतदान किया था। संविधान संशोधन के लिए दो-तिहाई समर्थन आवश्यक होने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका था।

बहुमत जुटाने की चुनौती

लोकसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के करीब 320 सांसद हैं। विधेयक पारित कराने के लिए आवश्यक दो-तिहाई समर्थन जुटाने में सरकार को अतिरिक्त मतों की जरूरत होगी। राज्यसभा में भी प्रस्ताव पारित कराने के लिए समर्थन बढ़ाना होगा। ऐसे में संसद के विशेष सत्र में विपक्षी दलों की भूमिका महत्वपूर्ण रहने की संभावना है।

पुराने प्रस्ताव से अलग है नया विधेयक

इस वर्ष अप्रैल में संसद में पेश परिसीमन और महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं हो सका था। उस प्रस्ताव में जनसंख्या के आधार पर परिसीमन के जरिए सीटें बढ़ाने की योजना थी, जिससे राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व का अनुपात बदलने की आशंका थी। नए प्रस्ताव में सभी राज्यों की मौजूदा लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी करने और 2051 तक राज्यों के बीच वर्तमान सीट अनुपात बनाए रखने की योजना है। इससे राज्यों की मौजूदा हिस्सेदारी में बदलाव किए बिना सदन का आकार बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

नया परीक्षा पैटर्न जारी

एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में गलत उत्तर पर एक अंक कटेगा

- राज्य सेवा परीक्षा-2027 में प्रत्येक प्रश्नपत्र 300 अंक का, मुख्य परीक्षा के लिए पदों के 20 गुना अभ्यर्थियों का चयन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा-2027 और राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2027 की परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम जारी कर दिया है। नए पैटर्न के अनुसार राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में गलत उत्तर देने पर एक अंक काटा जाएगा, जबकि प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक मिलेंगे। आयोग ने इसके लिए तीन आर-डब्ल्यू पद्धति लागू की है। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सामान्य अध्ययन और सामान्य अभिरुचि परीक्षण के दो प्रश्नपत्र होंगे। दोनों प्रश्नपत्र 300-300 अंकों के होंगे। प्रत्येक में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे और अभ्यर्थियों को इन्हें हल करने के लिए दो घंटे का समय मिलेगा। प्रश्नपत्र हिंदी और अंग्रेजी में होंगे। दूसरे प्रश्नपत्र में हिंदी भाषा की बोधगम्यता से जुड़े प्रश्न हिंदी में पूछे जाएंगे।

प्रारंभिक परीक्षा में न्यूनतम अंक अनिवार्य

मुख्य परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रारंभिक परीक्षा के दोनों प्रश्नपत्रों में निर्धारित न्यूनतम अंक हासिल करना अनिवार्य होगा। अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रत्येक प्रश्नपत्र में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे। अनारक्षित महिला अभ्यर्थियों के लिए भी यही नियम लागू होगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं। सामान्य अभिरुचि परीक्षण का दूसरा प्रश्नपत्र केवल अर्हता आधारित होगा।

मुख्य परीक्षा 1500 और साक्षात्कार 185 अंकों का

मुख्य परीक्षा के लिए विज्ञापित पदों की संख्या के अधिकतम 20 गुना अभ्यर्थियों का श्रेणीवार चयन किया जाएगा। समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को भी चयन की पात्रता में शामिल किया जाएगा। मुख्य परीक्षा वर्णनात्मक होगी और इसमें छह अनिवार्य प्रश्नपत्र होंगे। सामान्य अध्ययन के चार प्रश्नपत्र 300-300 अंकों के होंगे। प्रत्येक के लिए तीन घंटे निर्धारित हैं। पांचवां प्रश्नपत्र सामान्य हिंदी एवं व्याकरण का 200 अंकों का होगा, जिसके लिए दो घंटे मिलेंगे।

न्यायाधीशों की नियुक्ति में वंचित वर्गों को पर्याप्त अवसर नहीं: गवई

- पूर्व प्रधान न्यायाधीश ने उठाए सवाल, राष्ट्रपति को लिखा पत्र

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः उच्चतम न्यायालय के पूर्व प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने न्यायाधीशों की नियुक्तियों में विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधित्व को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। 27 नवंबर को लिखे पत्र में उन्होंने न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया में एक विशेष समुदाय को अधिक महत्व दिए जाने का आरोप लगाया।

गवई के अनुसार, वर्ष 2018 से अब तक उच्च न्यायालयों में 715 न्यायाधीश नियुक्त किए गए हैं। इनमें 22 अनुसूचित जाति, 16 अनुसूचित जनजाति, 89 अन्य पिछड़ा वर्ग और 37 अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। उन्होंने दावा किया कि करीब 75 प्रतिशत नियुक्तियां सामान्य वर्ग से हुई हैं।

पूर्व प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को न्यायाधीश बनने के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने न्यायाधीशों के स्थानांतरण की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। गवई ने कहा कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में योग्यता के साथ सभी वर्गों को समान अवसर देने पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया में जवाबदेही की कमी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि न्यायपालिका में उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना सरकार, संसद और नियुक्ति समिति की जिम्मेदारी है।

किसानों की समृद्धि ही खुशहाली का आधार: डॉ. यादव

- मुख्यमंत्री ने भैरूंदा में किया सीप-अंबर परियोजना के दोनों चरणों का लोकार्पण, 76 गांवों के 8 हजार से अधिक किसान होंगे लाभान्वित

नईदुनिया ब्यूरो, भैरूंदा/भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को सीहोर जिले के भैरूंदा में 536.23 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सीप-अंबर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के दोनों चरणों का लोकार्पण किया।

परियोजना से भैरूंदा विकासखंड के 76 गांवों की 30,091 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी और आठ हजार से अधिक किसानों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की समृद्धि ही मध्यप्रदेश की खुशहाली का आधार है। खेतों तक पानी पहुंचने से खेती लाभकारी बनेगी, किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। सरकार प्रदेश के हर खेत को सिंचित बनाने और किसानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। सीप-अंबर परियोजना के माध्यम से नर्मदा का पानी भूमिगत पाइपलाइन से खेतों तक पहुंचाया जाएगा। इससे किसान आधुनिक सिंचाई तकनीकों का उपयोग कर पानी का बेहतर इस्तेमाल कर सकेंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से कृषि उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सीहोर जिले को कुल 577.67 करोड़ रुपये के 19 विकास कार्यों की सौगात भी दी। इनमें 575 करोड़ रुपये से अधिक लागत के नौ कार्यों का लोकार्पण और 2.61 करोड़ रुपये के दस कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में सिंचित क्षेत्र वर्ष 2023 तक 40 लाख हेक्टेयर था, जो पिछले ढाई वर्षों में बढ़कर 60 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गया है। सरकार का लक्ष्य सिंचाई क्षेत्र को 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाना है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि परियोजना से बुधनी-सीहोर क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भी परियोजना को क्षेत्र के कृषि विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

भारत महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में

- सेमीफाइनल में मलेशिया को 6-2 से हराया, आज चीन से खिताबी मुकाबला

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 6-2 से पराजित किया। अब शनिवार को खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम का सामना चीन से होगा। भारत ने मुकाबले की शुरुआत से ही मलेशिया पर दबाव बनाए रखा। पहले क्वार्टर में भारतीय टीम ने एक गोल कर बढ़त हासिल की। दूसरे क्वार्टर में भारत ने तीन गोल दागकर मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। इस दौरान मलेशिया ने भी गोल किया। दूसरे क्वार्टर के बाद भारत 4-1 से आगे था। तीसरे और चौथे क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने एक-एक गोल कर जीत का अंतर बढ़ाया। भारत की ओर से मुमताज खान, नवनीत कौर, सुनेलिता टोप्पो और ईशिका ने एक-एक गोल किया, जबकि दीपिका ने दो गोल दागे।



मलेशिया की ओर से नूर अजर और नूर अमीराह जुल्किफली ने गोल किए। चीन ने पहले सेमीफाइनल में जापान को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मुकाबले का एकमात्र गोल झांग हेयांग ने अंतिम मिनटों में किया। अब भारत और चीन के बीच शनिवार को खिताबी मुकाबला होगा, जबकि कांस्य पदक के लिए मलेशिया और जापान आमने-सामने होंगे।

बंगाल में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति कोर्ट ने की रद्द

नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाताः कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें 3 जून को ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष और अखरुज्जमां को मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया था। अदालत ने विधानसभा अध्यक्ष को आदेश की प्रति मिलने के 10 दिनों के भीतर दोनों नियुक्तियों पर कानून के प्रावधानों के अनुसार पुनर्विचार करने का निर्देश दिया। यह फैसला तृणमूल कांग्रेस के नेता शोभनदेव चट्टोपाध्याय की याचिका पर सुनाया गया।

केरल के किशोर ने राष्ट्रपति पुतिन के साथ ली सेल्फी

नई दिल्ली/मॉस्को, एजेंसीः केरल के 17 वर्षीय राउल जॉन अजू की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ सेल्फी सोशल मीडिया पर चर्चा में है। राउल ने मॉस्को में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एआई सम्मेलन 'एआई जर्नी 2026' में हिस्सा लिया। इसी दौरान उनकी पुतिन से मुलाकात हुई। दोनों के बीच एआई के उपयोग और बच्चों की शिक्षा में इसके महत्व पर बातचीत हुई। राउल ने इसी वर्ष 'एआई रियल्म टेक्नोलॉजीज' नाम से अपना व्यवसाय शुरू किया है।



वह कंपनी के संस्थापक और मुख्य तकनीकी अधिकारी हैं। उनकी कंपनी में 15 लोग काम करते हैं।

अमेरिकी वायुसेना के सूचना तंत्र पर साइबर हमला

- हवाई रक्षा, मिसाइलों और सैन्य विमानों से जुड़ी जानकारी वाले तंत्र को निशाना बनाया गया

वॉशिंगटन, एजेंसीः अमेरिकी वायुसेना के संगणकीय सूचना तंत्र 'क्लाउड वन' को साइबर हमले का निशाना बनाया गया है। इस तंत्र में हवाई रक्षा प्रणालियों, सैन्य विमानों, मिसाइलों, सैनिकों के अभिलेख और सैन्य उपकरणों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां मौजूद हैं। हमले के बाद तंत्र के कई काम प्रभावित हुए हैं। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, करीब एक महीने पहले तंत्र को उन्नत बनाने की प्रक्रिया के दौरान साइबर सेंधमारी का पता चला था। इसके बाद से इस व्यवस्था से जुड़े कई कार्य बाधित हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अमेरिकी सेना की साइबर कमान जांच कर रही है।

जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हमलावर तंत्र के भीतर कितनी दूर तक पहुंच सके और उन्होंने किन जानकारियों तक पहुंच बनाई। साथ ही, संभावित आंकड़ा चोरी की भी पड़ताल की जा रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि इस साइबर हमले के पीछे कौन था और क्या कोई महत्वपूर्ण जानकारी चोरी हुई है। अमेरिकी वायुसेना ने भी मामले से संबंधित विस्तृत जानकारी सार्वजनिक करने से इन्कार किया है।

ऑपरेशन सिंदूर भविष्य के युद्ध का नमूना : सीडीएस

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर भविष्य में लड़े जाने वाले युद्धों का नमूना है। आने वाले समय में युद्ध तीनों सेनाओं के समन्वित प्रयासों से लड़े जाएंगे, जिसमें थलसेना, नौसेना और वायुसेना एक योजना के तहत एकसाथ काम करेंगी। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली में विवेकानंद फाउंडेशन में आयोजित व्याख्यान के दौरान यह बात कही। जनरल सुब्रमणि ने कहा कि भविष्य के युद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहेंगे। जमीन, आसमान, समुद्र, संचार तंत्र और मानसिक स्तर पर भी संघर्ष होगा। जो देश इन सभी क्षेत्रों को एकसाथ जोड़कर तेजी से काम करने में सक्षम होगा।

सीमा सुरक्षा *पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बढ़ाने की योजना...*

सीमा पर भारत लगाएगा पाँचवीं एस-400 प्रणाली

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः भारत पाकिस्तान से लगी सीमा पर हवाई सुरक्षा मजबूत करने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा के आसपास पांचवीं एस-400 वायु रक्षा प्रणाली तैनात करने की योजना है। इससे पहले चार प्रणालियां अलग-अलग सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात की जा चुकी हैं। सुरक्षा कारणों से इनके स्थान की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय वायुसेना की एक टीम अगले महीने रूस जाकर नई प्रणाली की आपूर्ति से पहले जांच करेगी। इसे फरवरी 2027 तक तैनाती के लिए तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।



एस-400 रूस की आधुनिक वायु रक्षा प्रणाली है, जो विभिन्न प्रकार के हवाई खतरों से सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। भारत को अब तक चार प्रणालियां मिल चुकी हैं। पहली प्रणाली 2021 में मिली थी, जबकि दूसरी खेप जुलाई 2022 और तीसरी फरवरी 2023 में प्राप्त हुई। चौथी प्रणाली की पहली खेप जून 2026 में भारत पहुंची। इन प्रणालियों को अलग-अलग सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए तैनात किया गया है।

चीन-पाकिस्तान की सैन्य तैयारियों पर नजर

चीन 2027 में पाकिस्तान को पांचवीं पीढ़ी के जे-35 लड़ाकू विमान उपलब्ध करा सकता है। इसके मद्देनजर भारत लंबी दूरी के हथियार और ऐसे मानवरहित विमान विकसित करने तथा खरीदने की योजना बना रहा है, जो लंबे समय तक हवा में रहकर लक्ष्य की पहचान कर सकें। पाकिस्तान चीन से आठ हैंगोर श्रेणी की पनडुब्बियां खरीद रहा है। इस सौदे की कीमत पांच अरब डॉलर से अधिक बताई गई है। इनमें से एक पनडुब्बी जून 2026 में पाकिस्तानी नौसेना में शामिल हो चुकी है। तुर्किये भी पाकिस्तान की पनडुब्बियों को आधुनिक बनाने और मानवरहित विमान उपलब्ध कराने में सहयोग कर रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर में भी हुई थी एस-400 की भूमिका

रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना की एस-400 प्रणाली ने पाकिस्तान के भीतर दूर स्थित एक सैन्य विमान को निशाना बनाया था। इस प्रणाली ने हवाई खतरे की पहचान और निगरानी कर उसे निष्क्रिय करने में भूमिका निभाई थी।